तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 मई 2026

12 छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला बेमेतरा का पुनर्गठन नानक ....





## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहारः शिविर अब 29 को आयोजित होगा

**बेमेतरा।** ईद-उल-जुहा पर्व के अवसर पर 28 मई गुरुवार को घोषित सार्वजनिक अवकाश के कारण नगर पालिका परिषद बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 15 से 21 के लिए आयोजित होने वाला सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर अब 29 मई शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। यह शिविर भद्रकाली मंदिर परिसर, बेमेतरा में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में आम नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त कर उनका त्वरित निराकरण किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्यवाही भी की जाएगी। जिला प्रशासन ने संबंधित वार्डों के नागरिकों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### थान खम्हरिया मे उर्स पर जुनैद सुल्तानी की होगी कव्वाली

**थान खम्हरिया।** हर साल की तरह इस साल भी नगर मे हजरत निजामुद्दीन औलिया का दो



द्विवसीय 16 वां उर्स पाक 01 व 02 जून को शानो शौकत के साथ मनायी जायगी,एकता उर्स पाक कमेटी के जानिब से आयोजित कार्यक्रमानुसार 01 जून को आतिशबाजी के साथ शाही संदल निकाली जायगी जो नूरानी चौक से मुख्य मार्ग होते पैलपार स्थित बाबा के आस्थाने पर चादरपोशी की जायगी।02 जून को उत्तरप्रदेश के बदायू से अंतरराष्ट्रीय टीवी सिंगर जुनैद सुल्तानी के भव्य कव्वाली का आयोजन किया गया है छिसकी तैयार जोरशोर से चल रही है। 03 जून को कूल के फातेहा के साथ उर्स का समापन होगा।उर्स पर कबीरधाम, बेमेतरा, केसीजी, रायपुर, दुर्ग-भिलाई,बिलासपुर व राजनांदगांव जिले तक के श्रृध्दाजुजन बाबा के मजार पर चादरपोशी करने पहुंचते है।

### शासकीय आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन 29 मई से शुरू

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास विभाग अंतर्गत संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ़ रायपुर के अधीन संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेमेतरा में सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी व्यवसाय कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट , विद्युतकार तथा मेकेनिक डीजल ट्रेड में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। संस्था द्वारा जारी जानकारी के अनुसार ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया दिनांक 29 मई 2026 से प्रारंभ होकर 15 जून 2026 रात्रि 11:59 बजे तक संचालित रहेगी। अभ्यर्थी संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। संस्था प्रबंधन ने इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने तथा प्रवेश संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेमेतरा से संपर्क कर सकते हैं।

### बाइक चोर पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सोनिया गांधी नगर निवासी सलीम मलिक को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने पावर हाउस ओव्हरब्रिज के नीचे से बाइक सीजी 07 बीई 6696 और एक बाइक जब्त किया गया है।

# नौतपा का प्रचंड प्रहारः भीषण गर्मी और तपती हवाओं से जनजीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। 25 मई से शुरू हुए नौतपा ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। तेज चिलचिलाती धूप, तपती हवाएं और लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया है।

सुबह होते ही सूरज आग उगलने लगता है और दोपहर तक सड़कें वीरान नजर आने लगती हैं। गर्मी का आलम यह है कि सुबह से शुरू होने वाली गर्म हवाएं देर रात तक चल रही हैं। दोपहर के समय बाजारों और प्रमुख चौक-चौराहों में सन्नाटा पसरा रहता है। जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। तेज धूप और लू के कारण राहगीरों, मजदूरों, किसानों और दिहाड़ी कामगारों को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## सुबह से देर रात तक चल रही गर्म हवाएं, दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटा

### पशु-पक्षी भी बेहाल

तेज गर्मी का असर केवल इंसानों पर ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। तालाबों और जल स्रोतों का जलस्तर घटने से मवेशियों और पक्षियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों द्वारा पक्षियों के लिए परिंडे और पानी की व्यवस्था की जा रही है।

### आने वाले दिनों में और बढ़ सकती है तपिश

मौसम के जानकारों के अनुसार आगामी कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। नौतपा के चलते तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे लोगों को अभी और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।



### अस्पतालों में बढ़ रहे गर्मीजनित मरीज

भीषण गर्मी का असर लोगों की सेहत पर भी दिखाई देने लगा है। जिला अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों में उल्टी-दस्त, बुखार, डिहाइड्रेशन और लू से संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर में बाहर निकलने से बचने, अधिक पानी पीने और सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### कूलर-पंखे भी छोड़ रहे जवाब

लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण घरों में कूलर और पंखे भी राहत देने में नाकाम साबित हो रहे हैं। दोपहर और शाम के समय गर्म हवा चलने से लोगों को उमस और बेचैनी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बिजली की आंख-मिचौली लोगों की परेशानी और बढ़ा रही है।

बैठक : समय-सीमा के लंबित प्रकरणों एवं सुशासन तिहार आवेदनों की समीक्षा बैठक आयोजित

# ई-ऑफिस प्रणाली से ही होंगे सभी विभागीय पत्राचार : कलेक्टर ममगाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति एवं सुगमता लाने के उद्देश्य से जिले के सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब से सभी विभागीय पत्राचार एवं फाइलों का संचालन ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही किया जाएगा।कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशानुसार डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देना आवश्यक है। कागजी फाइलों के स्थान पर डिजिटल प्रणाली अपनाने से कार्यों के निष्पादन में तेजी आएगी, फाइलों के रख-रखाव में सुविधा होगी तथा समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली से विभागों के बीच समन्वय बेहतर होगा और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदनों के निराकरण में केवल औपचारिकता पूरी न की जाए, बल्कि प्रत्येक प्रकरण का वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा आम जनता की समस्याओं का त्वरित, प्रभावी एवं संवेदनशील निराकरण करना है। इसलिए आवेदनों को केवल नस्तीबद्ध करने के बजाय आवेदक की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर जांच करें और नियमानुसार त्वरित राहत उपलब्ध कराएं।



## समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त समयबद्धता है। सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि उन्हें प्राप्त आवेदनों एवं लंबित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी विभाग द्वारा लापरवाही बरती जाती है अथवा बिना ठोस कारण के प्रकरण लंबित रखे जाते हैं, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### लंबित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि जनता से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकरण का निराकरण केवल फाइल बंद करने तक सीमित न रहे, बल्कि ऐसा समाधान हो जिससे आवेदक संतुष्ट हो सके। उन्होंने विभिन्न विभागों के लंबित मामलों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कार्यों में किसी भी प्रकार की लेटलतीफी एवं उदासीनता पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

# उमरावनगर मे भीषण आगजनी से पैरावट और लकड़ी जली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

■ फायरब्रिगेड व ग्रामीणो के सहयोग से आग पर काबू पाया गया

तहसील मुख्यालय से 2 किमी दूर समीपस्थ ग्राम उमरावनगर मे बुधवार करीब 12 बजे एक किसान के पैरावट मे अचानक आग लग गई जो धीरे धीरे पिस मे रखी बबूल लकडी को अपने चपेट मे लिया देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।

ग्रामीणो ने निजि पंप के सहायता से आग बूझाने का प्रयास किया वही नगर पंचायत थान खम्हरिया के फायरब्रिगेड टीम के संयुक्त प्रयास से तीन घंटे के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आगजनी में दो ग्रामीण के पैरावट व लकडी जधकर खेक हो गया है। क्षेत्र में भीषण गर्मी से लोग परेशान है। वही आगजनी व विद्युत की बदहाल व्यवस्था के चलते भी सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लगातार बिजली नही मिलने से आग बूझाने मे ग्रामीणो को भारी असुविधा होती है,अटल ज्योति लाईन मे खराबी आ जाने के कारण गत तीन दिन से उमरावनगर मे पंप चल नही पा रही है।

गौरलतब है कि ग्राम उमरावनगर मे रामकुमार साहू व शिवा साहू के पैरावट मे अचानक से आग लग गयी और आग की लपटो ने पास रखे बबूल लखडी को चपेट भी चपेटमे ले लिया, ग्रामीण कुछ समझ पाते आग की शोले विकराल रूप ले लिया।ग्राम उमरावनगर के ग्रामीणो आनन फानन मे ग्रामीणो ने खेत के बोरपंपो के सहारे आग बूझाने की भरसक प्रयास किया वही नगर पंचायत थान खम्हरिया की फायरब्रिगेड वाहन के पहूंचने के बाद ही आग बूझाने के काम मे तेजी आयी और ग्रामीणो के सहयोग से ▶▶| शेष पेज 12 पर

# थानखम्हरिया में खुलेगा उप-पंजीयक कार्यालय

## किसानों में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

■ वर्षो पुरानी मांग हुई पूरी, अब स्थानीय स्तर पर होगी भूमि रजिस्ट्री की सुविधा

नगर में उप-पंजीयक (रजिस्ट्रीकरण) कार्यालय खोलने की बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी होने जा रही है। वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग मंत्रालय, महानदी भवन रायपुर द्वारा इस संबंध में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है। शासन के इस फैसले से क्षेत्र के किसानों एवं आम नागरिकों में खुशी की लहर है। रजिस्ट्री करण अधिनियम 1908 की धारा 5 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार ने बेमेतरा जिले की तहसील थानखम्हरिया में "रजिस्ट्रीकरण उप-जिला थानखम्हरिया का गठन किया है। इसके अंतर्गत तहसील क्षेत्र के दो राजस्व निरीक्षक मंडल थानखम्हरिया एवं कारेसरा के 12 पटवारी हल्कों के 78 गांवों को शामिल किया गया है। ये गांव अब तक बेमेतरा एवं साजा उप-जिले के अंतर्गत आते थे, जो अब इनके अधिकार क्षेत्र से बाहर हो जाएंगे। नगर में उप-पंजीयक कार्यालय खुलने की सूचना मिलते ही भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर तथा मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक भूमि पंजीयन के कार्य के लिए किसानों एवं ग्रामीणों को 20 से 30 किलोमीटर दूर साजा जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की परेशानी होती थी। अब थानखम्हरिया में ही कार्यालय खुल जाने से लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। जानकारी के अनुसार कार्यालय प्रारंभ होने से पहले ऑनलाइन भूमि पंजीयन प्रणाली स्थापित करने एवं अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में लगभग एक माह का समय लग सकता है।

### ये रहे उपस्थित

क्षेत्र के किसान कार्तिक साहू, राकेश साहू, दुलेश्वर साहू, खिलावन साहू, लाला साहू, मनहरण साहू, लालसिंह, दिलीप साहू, राजेश साहू, लीलाधर चंद्राकर, रोहित साहू, हरदत्त साहू, पुखराज वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा, जलेश्वर राजपूत, ढाल सिंह, अजय शर्मा, तोरण चंद्राकर, ओमप्रकाश कश्यप, संजय वैष्णव, अवधेश सिंह राजपूत, संतोष साहू, खेलन सिंह, चुन्नू साहू एवं दिल्ली वर्मा सहित सैकड़ों किसानों ने शासन के इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार जताया।

### रामनारायण छल्ली श्रीवास बने सेन समाज जिला बेमेतरा के अध्यक्ष, समाजजनों में उत्साह

**नवागढ़।** सेन समाज जिला बेमेतरा के अध्यक्ष पद पर रामनारायण छल्ली श्रीवास के मनोनयन पर समाजजनों में खुशी एवं उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर समाज के अनेक पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं ने उन्हें बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। जिला अध्यक्ष नियुक्ति पर सामाजिक बंधु रवि सेन, डेनिम सेन, ऋषि सेन, मोहन सेन, नाथू सेन, सुधीर सेन, संतोष सेन, अनिल सेन, जितेंद्र श्रीवास, राजू सेन, दिनेश श्रीवास, मनीष श्रीवास, पांडा श्रीवास, राकेश सेन सहित अन्य समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया एवं कहा कि उनके नेतृत्व में समाज को नई ऊर्जा और संगठन को मजबूती मिलेगी।



# कांग्रेस भवन में पंडित नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के शिल्पकार जवाहर लाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को पुराने कांग्रेस भवन, भारत माता चौक में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान और विचारों को स्मरण किया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि पंडित नेहरू का देश निर्माण, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं आधुनिक भारत की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने देश को वैज्ञानिक सोच, औद्योगिक विकास, शिक्षा एवं लोकतंत्र की सुदृढ़ दिशा प्रदान की। उनके आदर्श एवं विचार आज भी देशवासियों को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, शहर कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, किसान कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक कांग्रेस सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू के बताए मार्ग पर चलकर देशहित एवं जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंगत साहू, मिथलेश वर्मा, रश्मि मिश्रा, रीता पांडे, जनता साहू, शकुंतला साहू, हेमिन यादव, राजू साहू, सुमन गोस्वामी, शिव वर्मा, नारायण छाबड़ा, मनोज शर्मा, प्रतीक दुबे, अजय राज सेन, चितरेन वर्मा, प्रकाश ठाकुर, रवि रजक, बलवंत साहू, राजेश नवरंगे, खूबचंद चंद्राकर, भीखम साहू एवं घनश्याम देवांगन सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहरभर में हो रही ईमानदारी और नैतिकता की सराहना

# ईमानदारी की मिसाल बने पत्रकार आनंद साहू, 30 लाख के सोने चांदी के गहने और 38 हजार नगद से भरा बैग पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वर्तमान दौर में जहां लोग छोटी बड़े चीजों को भी लालच में आकर कब गबन कर जाते हैं किसी को पता नहीं चलता वहीं बेमेतरा जिला मुख्यालय के पत्रकार आनंद साहु ने ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और नैतिकता मूल्यों का परिचय देते हुए मानवता की एक अनोखी मिसाल पेश किया सिटी प्रेस क्लब बेमेतरा के सचिव एवं हरिभूमि के सहयोगी आनंद साहु को 27 मई को प्रातः लगभग साढ़े चार बजे एक लावारिस हालत में एक लेदर का बैग मिला। बैग की जांच करने पर उसमें करीब 30 लाख रुपये मूल्य के सोना-चांदी के आभूषण एवं लगभग 38 हजार रुपये नगद पाए गए। इतनी बड़ी रकम और कीमती सामान मिलने के बावजूद आनंद साहु ने ईमानदारी का परिचय देते हुए बिना किसी देर किए उक्त बैग को तत्काल सिटी कोतवाली थाना बेमेतरा में सुरक्षित जमा करा दिया। आनंद साहु के इस सराहनीय कार्य की पूरे शहर में प्रशंसा हो रही है। लोगों का कहना है कि आज के समय में ऐसी ईमानदारी बहुत कम देखने को मिलती है। उनका यह कदम समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश है कि सच्चाई और ईमानदारी आज भी जिंदा है। सिटी प्रेस क्लब सहित सामाजिक संगठनों, पत्रकार साथियों एवं नगरवासियों ने आनंद साहु को उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए हार बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



थाना में बैक को सुपुर्द करने के बाद बैग को खोला गया। जिसमें कुल नगदी रकम 37150 था। इसके अलावा 8 नग पतला पत्ती, सोने का 9 नग ताबीज, 4 नग सोने का पट्टी, आठ नग भगवान वाले पत्ती सोने का, एक नग पेंडल सोने का, 16 नग कान का टॉप्स सोने का ,14 नग चांदी का सिक्का छोटा बड़ा था सोने के आभुषणों का वजन लगभग 200 ग्राम बताया गया है

### डीआईजी साहु ने किया सम्मान

शाम को डीआईजी रामकृष्ण साहु पत्रकार आनंद साहु गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित करते हुए बधाई दिया और शुभकामनाएं व्यक्त किए इस अवसर पर सिटी प्रेस क्लब बेमेतरा अध्यक्ष दिनेश दुबे, सर्राफ एसोशिएशन के अध्यक्ष सुशील शर्मा विजय सोनी, श्रीराम देवांगन,बिठ्ठल सोनी, अशोक सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे

### कारीगर भूल गया था बैग को दुकान के बाहर

इस संबंध में विजय कुमार सोनी पिता नंदकुमार सोनी गोविंद विहार निवासी बेमेतरा ने लिखित में सिटी कोतवाली पुलिस थाना में लिखित में बताया कि वह सोने चांदी के कारीगरी का काम करता है बीते 26 मई को दिन मंगलवार को रात 9:00 बजे कत्था रंग एक लेदर बैग अपने रकम तथा सोने के सामान सहित अशोक मोटर्स दुकान के बाहर रखकर भूल गया था इस संबंध में कोतवाली पुलिस थाना के टीआई सोनम ग्वाला द्वारा पूछताछ एवं जांच किया गया उसके बाद नगद राशि सहित सोने चांदी के गहना को एसडीओपी भुषण एक्का के उपस्थिति में विजय कुमार सोनी को सौंपा गया।


हमर साजा के राजा
किसान के मसीहा
मनखे मनखे के नेता ,
छत्तीसगढ़ के विकास के गाथा लिखइया,
लईका जवान सियान के सुख दुःख में
सर में हाथ रखईया
हमर नेता माननीय
मा.श्री रविन्द्र चौबे जी
ल जन्मदिन के
गाड़ा गाड़ा बधाई


जीवेत शरदः शतम्
मा. रविन्द्र चौबे जी
पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन को
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ
28 मई
मा. रविन्द्र चौबे जी
पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन को
अखिलेश तिवारी
प्रणीश चौबे
अध्यक्ष अधीवक्ता संघ बेमेतरा
अविनाश तिवारी
सुमित चौबे
सुमन गोस्वामी
मनोज शर्मा
ललित विश्वकर्मा
ऋतिक तिवारी


जीवेत शरदः शतम्
पूर्व केबिनेट मंत्री
माननीय रविंद्र चौबे जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राजेश साहू
कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष
थान खम्हरिया
श्रीमती ज्वाला साहू
पूर्व सरपंच
उमरवातगढ़
28 मई
विनीत : समस्त कांग्रेसगण मण्डल थान खम्हरिया


जीवेत शरदः शतम्
पूर्व केबिनेट मंत्री
मान. रविंद्र चौबे जी
28 मई
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाये
अविनाश चौबे
आशीष छाबड़ा
ईश्वर वर्मा
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष
राजेश शर्मा
ओमप्रकाश शर्मा
अतुल शर्मा
उपाध्यक्ष नगर पंचायत देवकर
अंकित शर्मा

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला बेमेतरा का पुनर्गठन नानक राम साहू बने जिला संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



■ जी.एल. खुटियारे महासचिव नियुक्त

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला बेमेतरा की आवश्यक बैठक बुधवार को पुराने रेस्ट हाउस बेमेतरा में आयोजित की गई। बैठक में फेडरेशन के जिला संयोजक अश्वनी बैनर्जी के सेवानिवृत्त होने के बाद रिक्त पदों की पूर्ति एवं संगठन के पुनर्गठन पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए नानक राम साहू को जिला संयोजक नियुक्त किया गया। वहीं हितेन्द्र कुमार सिन्हा को जिला उपसंयोजक, जी.एल. खुटियारे को महासचिव, राजेश कुमार यादव (बेरला) को सचिव तथा बसंत कुमार कौशिक (साजा) को उप सचिव बनाया गया। अन्य पदाधिकारी पूर्ववत अपने पदों पर कार्य करते रहेंगे। फेडरेशन के जिला मीडिया प्रभारी के.एस. परते ने बताया कि बैठक में पूर्व जिला संयोजक अश्वनी बैनर्जी, पेंशनर्स समाज बेमेतरा के जिला अध्यक्ष आर.के. वर्मा, संरक्षक आर.एल. जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान राजेश यादव, सुरेंद्र कुमार पटेल, मनोज कुमार वर्मा, महेश्वर प्रसाद श्रीवास, सुधीर हरि श्रीवास्तव, विक्रम देवांगन, चेतनदास बंजारे, योगेन्द्र भार्गव, कमलेश सिंह बिसेन, मुकेश कुमार टंडन, राजेश जायसवाल, हिरदे शाय जोशी, दीपक कुमार आदिल, वरुण आदिल, अशोक साहू, विजय टंडन, शिव कुमार साहू, विजय यादव, शिवकुमार नेताम एवं सावन कुमार मेंढे सहित अन्य कर्मचारी-अधिकारी मौजूद रहे।




## पेज 9 का शेष

### उमरावनगर में ...

3 घंटे बाद ही आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका है इस आगजनी से पिड़ित किसान को लगभग 50 हजेर रूपए की क्षति हूई है।के पैरावट छेना खरही, मकान सहित आन्य वस्तु को क्षति पहूची है।लगातार जिला प्रशासन के चेतावनी कै बाद भी लोग कृषि कार्य के पूर्व खरपतवार व पराली को नष्ट करने आग लगा दी जाती है। जिसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ता है।ग्राम उमरावनगर मे आगजनी के समय बिजली बंद होने से आग पर काबू पाने सिंगल फेस बोर पंप के सहारा लेना पड़ा जिससे आग बुझाने मे काफी समय लगा फायरब्रिगेड की पानी खत्म होने के बाद लाईन बंद होने के चलते पानी अपलोड नही किया जा सका। फिर भी ग्रामीणो ने अन्य माध्यम से आग बूझाने में कामयाब हुए।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130







संकलनकर्ता: राजेश शर्मा (राजू) हरिभूमि संवाददाता साजा मो.: 6260675039